>

Title: Need to improve deteriorating law and order situation particularly crimes against women in Rajasthan

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे आपने बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान राजस्थान की बिगड़ती लॉ एंड आर्डर सिचुएशन की ओर आकर्षित करना चाहूंगी । वर्तमान में राजस्थान में कानून-व्यवस्था बहुत ही बिगड़ी हुई है । महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति बहुत ही गंभीर एवं दुखद है । अपहरण व रेप की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है । पिछले कुछ महीनों में चार-पांच घटनाएं तो मेरे ही लोक सभा क्षेत्र में घटित हुई हैं । जब हम लोग एडमिनिस्ट्रेशन और पुलिस के अधिकारियों के पास जाते हैं, तो यह सुनने को मिलता है कि हम लोग कार्रवाई कर रहे हैं । वे लोग यह भी कहते हैं कि जब आपकी सरकार थी, तब कुछ सीसीटीवी सैंक्शन हुए थे । मेरे ही एरिया राजसमन्द क्षेत्र में 400 सीसीटीवी सैंक्शन हुए थे और अभी तक सिर्फ 50 ही लगे हैं । अजमेर में 800 सैंक्शन हुए थे और अभी तक 132 ही लगे हैं । कंट्रोल सेंटर्स भी स्थापित नहीं हुए हैं ।

अध्यक्ष महोदय, मुझे थोड़ा और बोलने दिया जाए । यह बहुत ही गंभीर स्थिति है ।**…**(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, यह राज्य का विषय है । राज्य के विषय को आप संसद में न उठाइए ।

…(व्यवधान)

सुश्री दिया कुमारी : महोदय, बहुत ही गंभीर स्थिति है । मुझे आप बोलने का मौका दें ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: यह पहली बार है, निर्देश दे दिया है । आप बोलिए ।

...(व्यवधान)

सुश्री दिया कुमारी : महोदय, ये सारी घटनाएं ज्यादातर माइनर्स और वूमेन्स को साथ ही हो रही हैं । अभी जयपुर में दो दिन पहले एक माइनर के साथ एक घटना हुई थी । उसके बाद जयपुर में धारा 144 लगा दी गई थी । इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं, लेकिन कोई भी पुख्ता कार्रवाई नहीं हुई है । ऐसी घटनाएं राजस्थान में बार-बार होती रहती हैं, हर दूसरे-तीसरे दिन अखबार खोलते ही इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं ।...(व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगी कि राजस्थान में महिला सुरक्षा एवं आम जन सुरक्षा के लिए राज्य सरकार पर किसी प्रकार का दबाव बनाया जाए कि वह पुख्ता कदम उठाए, ताकि इस तरह की घटनाएं बार-बार न हों ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री रामचरण बोहरा, श्री सी. पी. जोशी और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती दिया कुमारी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री अबु हसन खान चौधरी ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: वे नए सदस्य हैं ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं माननीय सदस्यों से पुनः आग्रह करूंगा कि वे यह प्रयास करें कि स्टेट सब्जेक्ट को यहां पर न उठाएं । वे यह कोशिश करें ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, अभी जो माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं, उनकी बहुत लंबी लिस्ट है । अगर आप सभी चाहते हैं कि सभी माननीय सदस्यों को बोलने का मौका मिले, तो सब अपनी बात को एक-एक मिनट में

समाप्त करें । टू द पाइंट बोलेंगे, सब्जेक्ट पर बोलेंगे, तो सबको मौका मिलेगा । अब सभी वरिष्ठ सदस्य हैं ।

…(व्यवधान)